NT>

Title: Need to rehabilitate boat-sailors affected due to construction of Sardar Sarovar Dam in Dhar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh- Laid.

श्री गजेन्द्र सिंह राजूखेड़ी (धार) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण (एन.वी.डी.ए.) के अंतर्गत सरदार सरोवर बांध बनाया जा रहा है। सरदार सरोवर बांध के निर्माण के पश्चात इस क्षेत्र के लगभग 36 नाविक घाट डूब में आ जायेंगे। परिणामस्वरूप नाविकों के समक्ष बेरोजगारी का खतरा उत्पन्न हो जाएगा। यह नाविक इन घाटों पर यात्रियों को इस पार से उस पार उतारकर अपना जीविकोपार्जन करते हैं। उनकी रोजीरोटी का एकमात्र सहारा यात्रियों को इस पार से उस पार उतारना ही है।

सरदार सरोवर बांध के निर्माण के पश्चात इन घाटों के डूब में आने से नाविकों के जीविकोपार्जन का साधन समाप्त हो जाएगा। इसके लिए आवश्यक है कि उन नाविक परिवारों हेतु रोजगार के स्थानापन्न साधन उपलब्ध कराए जाएं एवं उनके पुनर्वास की एक कार्य योजना बनाकर सरकार द्वारा अनुमोदित की जाए, जिससे कि उनकी आजिविका को जो खतरा उत्पन्न हो गया है, उससे उन्हें उबारकर रोजीरोटी हेतु दर-दर भटकरना न पड़े।